卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 170 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦31 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## टाटो सूमो खाई में गिरने से दो की मौत, आठ घायल

टिहरी (उद संवाददाता)। टिहरी के तहसील गजा के दुवाकोटी के पास एक टाटा सूमो खाई में गिरने से दो लोगों की




मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे टिहरी जिले में तहसील गजा के दुवाकोटी के पास गजा से चम्बा जा रही एक टाटा सूमो 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। वाहन के गिरते ही स्थानीय लोग खाई में उतरे और घायलों को सड़क तक पहुंचाया। हादसे में 45 वर्षीय धर्मवीर असवाल पुत्र कर्म सिंह असवाल निवासी कठुड़ टिहरी और 22 वर्षीय कुमारी रितिका निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

## देह व्यापार का भंडाफोड़

### स्पा सेंटर सील, नेपाली मूल की तीन महिलाओं सहित छह गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्पा सेंटरों में छापेमारी के दौरान एक सेंटर में सैक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की टीम ने मौके से नेपाली मूल की तीन महिलाएं और तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। साथ ही स्पा सेंटर को सील कर दिया गया है।



बीती रात पुलिस को नैनीताल रोड स्थित गोल्ड स्पा सेंटर में अनैतिक देहर व्यापार की शिकायत मिली थी जिसके बाद पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की टीम ने स्पा सेंटर में छापा मारा। पुलिस ने मौके (शेष पृष्ठ सात पर)

### पुलिस से तेज निकला स्पा संचालक का मुखबिर तंत्र

हल्द्वानी।स्पा सेंटर संचालक का मुखबिर तंत्र पुलिस से तेज निकला। उसे पुलिस के छापे की खबर पहले ही मिल गई जिस कारण से वह पहले ही मौके से भाग निकला। इसमें एक कथाकथित पत्रकार का नाम सामने आ रहा है। उसने पहले इस धंधे की सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद उसने ही स्पा सेंटर संचालक की छापे की खबर दे दी।

## दौड़ते समय तबियत बिगड़ने से किशोर की मौत

सितारगंज( उद संवाददाता)। तड़के मॉर्निंग वॉक पर साथियों के साथ निकले किशोर की दौड़ लगाते समय अचानक तबियत बिगड़ गई जिसे सरकारी अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस और डॉक्टर को संभावना है कि हार्ट अटैक से किशोर की मौत हो सकती है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश जोशी ने बताया कि रविवार की तड़के ग्राम सिसौना निवासी 15 वर्षीय अनुज जोशी पुत्र हरीश जोशी साथियों के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकला था। दौड़ लगाते समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथी उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उनकी मृत्यु हो गई। उप जिला चिकित्सालय की अधीक्षक डॉक्टर अभिलाष पांडे ने बताया कि मृतक के शरीर में चोट के निशान नहीं थे। संभवत: हार्ट अटैक, दम घुटने से मौत हो सकती है। हालाकि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा।

### युवक ने लगाई फांसी लगाकर दी जान



काशीपुर( उद संवाददाता)। घर की मुमटी में चुन्नी से फंदा डालकर युवक ने फांसी लगा ली। खबर लिखे जाने तक घटना के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा भाजपा में शामिल

देहरादून/हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव की वोटिंग से पहले कालाढूंगी विधानसभा में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे एवं संगठन में प्रदेश महासचिव महेश शर्मा ने भाजपा का दामन थाम लिया। देहरादून में भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं कालाढूंगी से भाजपा के विधायक बंशीधर भगत, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र अधिकारी ने महेश शर्मा ने उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। महेश शर्मा के साथ कई पूर्व ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भी भाजपा की सदस्यता ली है। बता दें महेश शर्मा के भाजपा में शामिल




होने में वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र अधिकारी की अहम भूमिका बताई जा रही है। महेन्द्र अधिकारी पिछले कई दिनों से महेश शर्मा को भाजपा में लाने के लिए प्रयास कर रहे थे। नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस द्वारा प्रकाश जोशी को टिकट दिए जाने के बाद इस पूरे घटनाक्रम की भूमिका बनी थी। वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र अधिकारी द्वारा पूरी बातचीत करने के बाद महेश शर्मा भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हुए। इसके बाद उन्हें आज देहरादून में भाजपा का दामन थाम लिया।

## ऑटो पार्टस की दुकान में आग लगने से लाखों की क्षति

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। वर्कशॉप लाइन में एक ऑटो पार्ट्स दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने से आसपास अफरा तफरी मच गयी। सूचना मिलने



कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम के साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी मौके पर पहुंच गए। जहां पर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है की दुकान में ऑटो पार्ट्स की है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। दुकान में में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया प्रथम दृष्टया मामला शॉर्ट सर्किट का है जिसकी वजह से आग लगी है फिलहाल फायर ब्रिगेड ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया है। फायर विभाग के अधिकारी इस पूरे मामले की जांच करेंगे।अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है।

## दीक्षांत परेड के बाद पुलिस को मिले 194 जवान

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। प्रशिक्षण के उपरांत सभी रिक्रूट पुलिस सेवा में निष्ठा व अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। यह बात निदेशक सतर्कता अपर पुलिस महानिदेशक वी मुरूगेशन ने 46 वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित दीक्षांत परेड में बतौर मुख्य अतिथि प्रशिक्षित रिक्रूटों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों से पुलिस व परिवार का नाम रोशन करें। उन्होंने सभी को शुभकामनायें दीं। वाहिनी के सेनानायक पंकज भट्ट ने कहा कि आज की दीक्षांत परेड में कुल 194 रिक्रूट आरक्षी शामिल हैं। जिन्हें दीक्षांत परेड के बाद सम्बंधित तजनपदों को रवरना किया जायेगा। उन्होंने बताया गहन प्रशिक्षण के दौरान रिक्रूट



आरक्षियों को ड्रिल, पदादि, शस्त्र, आपदा प्रबंधन, आतंकवाद, जंगल प्रशिक्षण, बम डिस्पोजल, प्राथमिक चिकित्सा, यूएसी, अग्निशमन,कम्प्यूटर,तैराकी, आई आईडी, ब्लास्ट मेमो व राहत तथा बचाव कार्य आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा विभिन्न कानूनों की विस्तार से जानकारी दी गई। दीक्षांत परेड पर प्रशिक्षण के दौरान उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले रिक्रूटों व अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व श्री मुरूगेंशन का वाहिनी पहुंचने पर सेनानायक पंकज भट्ट ने स्वागत किया। श्री मुरूगेशन परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। कार्यक्रम के दौरान उप सेनानायक वीर सिंह, उप सेनानायक 31वाहिनी उत्तम सिंह, सहायक सेना(शेष पृष्ठ सात पर)

**मकान बिकाऊ**

वनखंडी कालोनी,फुलसुंगा रूद्रपुर में 30 x 60 में बना एक मकान (दो दुकानें, आठ कमरे) बिकाऊ है।

-संपर्क करें-

9012749183

## चुनाव से पहले बाबा की हत्या बड़ा दंगा कराने की साजिश तो नही?

### पुलिस की सूझ बूझ व संगत के संयम ने थामा जन आक्रोश

■ अनिल सागर

नानकमत्ता। लोकसभा चुनाव के बीच धार्मिक गुरू कार सेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या से तराई में दंगा कराने की बड़ी साजिश भी सकती थी। क्योंकि तराई में बाबा के हजारों की संख्या में अनुयायी हैं, जो बाबा की हत्या से भड़क सकते थे, लेकिन पुलिस की सूझ बूझ अनुयायियों के संयम से तराई का माहौल बिगड़ने से बच गया। 28 मार्च को कारसेवा बाबा की हत्या के बाद पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गएं थे। बाबा के गोली लगने के बाद सेवादार उन्हें




पुलिस के आने से पूर्व ही खटीमा अस्पताल ले गए। अस्पताल से कई घण्टों की मशक्कत व धार्मिक गुरूओं को विश्वास में लेकर कड़ी सुरक्षा में पुलिस बाबा के पार्थिव शव को लेकर डेरे में पहुंची थी। जहां भारी संख्या में संगत पहुंची हुई थी। संगत ने भी काफी संयम बरता और पुलिस( शेष पृष्ठ सात पर)

### पुलिस के सामने खड़ी हुई नई चुनौती

नानकमत्ता। कारसेवा बाबा की हत्या के बाद चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। शोसल मीडिया पर हत्यारों के बंग्लादेश के ढाका चले जाने और जल्द अकाल तख्त में पेशी करने की पोस्ट ने पुलिस को बड़ी चुनाती दे डाली है। वही पुलिस ने हत्यारों के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर 25-25 हजार का ईनाम घोषित कर दिया है। अब पुलिस के सामने चुनौती बढ़ती जा रही है।

## करंट लगने से महिला की मौत

रूद्रपुर( उद संवाददाता)।सोडी कालोनी में घर में बर्तन धो रही महिला की करंट लग जाने से मौत हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सारलय



ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार सोड़ी कालोनी निवासी प्लम्बर का कार्य करने वाले कन्हईलाल की 35 वर्षीय पत्नी पार्वती गत साये घर में नल के पानी से बर्तन धो रही थी इसी दौरान नल में करंट आ जाने से पार्वती करंट की चपेट में आकर वहीं गिर गई। उसे इस हालत में देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लिया। बताया जाता है कि मृतका के दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं।

# पांच सीटो पर 55 प्रत्याशियों के बीच होगा सियासी महासंग्राम

## उत्तराखंड में नाम वापसी के बाद अब लोकसभा टिहरी सीट पर 11, पौड़ी गढ़वाल के 13, अल्मोड़ा सीट से 7, नैनीताल से 10 और हरिद्वार में 14 प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के नामांकन की सभी प्रक्रिया पूरी हो गई है। शनिवार को नाम वापसी के बाद अब सत्ता संग्राम में कुल 55 प्रत्याशी मैदान में हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने प्रेसवार्ता में बताया कि शनिवार को दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित था। प्रदेश की पांच लोकसभा सीट में से केवल एक सीट अल्मोड़ा से निर्दलीय उम्मीदवार अर्जुन कुमार देव ने अपना नामांकन वापस लिया है। उन्होंने बताया कि अब प्रदेश की पांच लोकसभा निर्वाचन सीटों पर कुल 55 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिसमें टिहरी सीट पर 11, पौड़ी गढ़वाल पर 13, अल्मोड़ा में सात, नैनीताल में 10 और हरिद्वार में 14 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। बात दें कि इस बार 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। चुनाव में 93 हजर 187 सर्विस मतदाता हैं। 18 से 19 साल के एक लाख 48 हजार 90 मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार ईवीएम का बटन दबाएंगे। 85 से अधिक आयु वर्ग के 65 हजार 160 और 80 हजार 335 दिव्यांग मतदाता हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की केवल अल्मोड़ा सीट पर ही पुराने प्रतिद्वंद्वियों अजय टम्टा और प्रदीप टम्टा के बीच टक्कर होने जा रही है। हरिद्वार और पौड़ी सीट पर दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे, जबकि नैनीताल और टिहरी सीट पर भाजपा के प्रत्याशियों के मुकाबले कांग्रेस ने नए चेहरों को मैदान में उतारा है। सबसे अधिक दिलचस्प यह है कि पांचों सीटों पर दोनों ही बड़ी पार्टियों के छह चेहरे पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। नैनीताल सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट और कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी पहली बार आमने-सामने होंगे। रानीखेत से तीन बार विधायक रहे अजय भट्ट को भाजपा ने पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव में नैनीताल संसदीय सीट पर उतारा था। पिछले आम चुनाव में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व सीएम हरीश रावत को हराकर इस सीट पर लगातार दूसरी बार भाजपा का परचम लहराया था। इससे पूर्व इस सीट पर भाजपा के भगत सिंह कोश्यारी सांसद थे। वहीं इस बार कांग्रेस ने अजय भट्ट के सामने प्रकाश जोशी पर दांव लगाया है। प्रकाश जोशी 2012 और 2017 में कालाढूंगी सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं और दोनों ही बार वह चुनाव हार चुके हैं। 2009 के लोकसभा चुनाव में केसी बाबा कांग्रेस से चुनाव जीते थे। कुमाऊं की यह सीट बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह जिले की संसदीय सीट है। इस सीट के तहत नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के 14 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। 2012 का उपचुनाव जीतने के बाद से बीजेपी की माला राज्यलक्ष्मी शाह टिहरी लोकसभा सीट से लगातार कांग्रेस प्रत्याशी को परास्त कर रही हैं। उनसे मुकाबला करने के लिए इस बार कांग्रेस ने दो बार मसूरी से विधायक रहे जोत सिंह गुनसोला को चुनावी मैदान में उतारा है। गुनसोला पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। 1991 से 2006 तक इस सीट पर बीजेपी का दबदबा रहा। हरिद्वार में भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र रावत और पूर्व सीएम हरीश रावत के बेटे व कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत के बीच सियासी वर्चस्व की जंग होगी। दोनों ही प्रत्याशी पहली बार लोकसभा के लिए चुनावी जंग में उतर रहे हैं। हरीश रावत इस सीट से सांसद रह चुके है। लगातार दो बार से इस सीट को बीजेपी जीतती रही है, लेकिन इस बार बीजेपी ने अपना प्रत्याशी बदल दिया है। बीजेपी ने पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक के स्थान पर पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत को टिकट दिया है, जबकि हरीश रावत ने खुद चुनाव लड़ने के बजाय अपने बेटे को चुनावी मैदान में उतरवाया है। हरिद्वार जिले की एक सीट से हरीश रावत की बेटी विधायक भी है। हरिद्वार जिले के ही खानपुर के विधायक उमेश कुमार ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोकी है। हरिद्वार संसदीय क्षेत्र में देहरादून की डोईवाला, ऋषिकेश और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं। पौड़ी सीट पर भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी और कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल दोनों ही नए चेहरे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी दोनों ही पार्टियों ने नए चेहरे पर दांव खेला था। तब बीजेपी के तीरथ सिंह रावत के सामने कांग्रेस ने पूर्व सीएम भुवन चंद्र खंडूडी के बेटे मनीष खंडूडी को टिकट दिया था, लेकिन खंडूडी चुनाव हार गए। यह सीट भाजपा की झोली में गई थी। इस बार भाजपा ने राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी को मैदान में उतारा है। वह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। अनिल बलूनी को टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने दो बार के विधायक रहे गणेश गोदियाल को टिकट थमाया है। गणेश गोदियाल कुल तीन बार और लगातार दो विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। गोदियाल भी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वह कुछ समय के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। अल्मोड़ा सीट पर 1991 से ही भाजपा का दबदबा है। केवल 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा को जीत मिली थी। पिछले दो चुनाव से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा को लगातार मात देने में सफल हो रहे हैं। चुनावी मैदान में दो टम्टा तीसरी बार आमने-सामने होंगे। इस चुनाव से काफी हद तक प्रदीप टम्टा का सियासी भविष्य भी तय होगा। 1991 से इस सीट से हरीश रावत सांसद बनते रहे। तब इस सीट को कांग्रेस के गढ़ के तौर पर जाना जाता था। अल्मोड़ा संसदीय सीट रिजर्व है, जो नेपाल, चीन सीमा से भी लगी है। इस सीट के तहत अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत जिले के 14 विधानसभा क्षेत्र आते हैं।



## एग्जिट और ओपिनियन पोल पर रोक

देहरादून। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने प्रेसवार्ता में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, एग्जिट पोल के निष्कर्ष का प्रकाशन और प्रसारण करना चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूर्णत: प्रतिबंधित होगा। 19 अप्रैल की सुबह सात बजे से लेकर एक जून 2024 को 6:30 बजे शाम तक एग्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण नहीं किया जा सकेगा। इन प्रतिबंधों का सभी मीडिया हाउस को पालन सुनिश्चित करना होगा। इसके साथ ही, मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले से ओपिनियन पोल करना और उसके निष्कर्ष का प्रकाशन और प्रसारण करना भी प्रतिबंधित रहेगा।

## पांच लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार

**पौड़ी लोकसभा सीट ( 13 प्रत्याशी )**

1. अनिल बलूनी (भाजपा)
2. गणेश गोदियाल (कांग्रेस)
3. धीर सिंह (बसपा)
4. अर्जुन सिंह (अखिल भारतीय परिवार पार्टी)
5. आशुतोष नेगी (उत्तराखंड क्रांति दल)
6. डॉ. मुकेश चंद्र पंत (सैनिक समाज पार्टी)
7. रेशमा (सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट)
8. विनोद कुमार शर्मा (उत्तराखंड समानता पार्टी)
9. श्यामलाल (बहुजन मुक्ति पार्टी)
10. सुरेशी देवी (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक)
11. दीपेंद्र सिंह नेगी (निर्दलीय)
12. मुकेश प्रकाश (निर्दलीय)
13. सोनू कुमार (निर्दलीय)

**हरिद्वार लोकसभा सीट ( 14 प्रत्याशी )**

1. त्रिवेंद्र सिंह रावत (भाजपा)
2. वीरेंद्र रावत (कांग्रेस)
3. जमील अहमद (बसपा)
4. बलबीर सिंह भंडारी (उत्तराखंड समानता पार्टी)
5. मोहन सिंह असवाल (उत्तराखंड क्रांति दल)
6. ललित कुमार (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक)
7. सुरेश पाल (भारतीय राष्ट्रीय एकता दल)
8. अकरम हुसैन (निर्दलीय)
9. अवनीश कुमार (निर्दलीय)
10. आशीष ध्यानी (निर्दलीय)
11. उमेश कुमार (निर्दलीय)
12. कर्ण सिंह सैनी (निर्दलीय)
13. पवन कश्यप (निर्दलीय)
14. विजय कुमार (निर्दलीय)

**टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट ( 11 प्रत्याशी )**

1. जोत सिंह गुनसोला (कांग्रेस)
2. माला राज्य लक्ष्मी शाह (भाजपा)
3. नेमचंद (बसपा)
4. नवनीत सिंह गुसाईं (राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी)
5. बृजभूषण करनवाल (भारतीय राष्ट्रीय एकता दल)
6. रामपाल सिंह (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक)
7. प्रेमदत्त सेमवाल (निर्दलीय)
8. बॉबी पंवार (निर्दलीय)
9. विपिन कुमार अग्रवाल (निर्दलीय)
10. सरदार खान पप्पू (निर्दलीय)
11. सुदेश तोमर (निर्दलीय)

**नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट ( 10 प्रत्याशी )**

1. अजय भट्ट (भाजपा)
2. प्रकाश जोशी (कांग्रेस)
3. अख्तर अली (बसपा)
4. अखलेश कुमार (अखिल भारतीय परिवार पार्टी)
5. अमर सिंह सैनी (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक)
6. जीवन चंद्र उप्रेती (भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी)
7. शिब सिंह (उत्तराखंड क्रांति दल)
8. सुरेंद्र सिंह (भारतीय शक्ति चेतना पार्टी)
9. रमेश कुमार मैक्स (निर्दलीय)
10. हितेश पाठक (निर्दलीय)

**अल्मोड़ा लोकसभा सीट ( सात प्रत्याशी )**

1. अजय टम्टा (भाजपा)
2. प्रदीप टम्टा (कांग्रेस)
3. नारायण राम (बसपा)
4. किरन आर्या (उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी)
5. ज्योति प्रकाश टम्टा (बहुजन मुक्ति पार्टी)
6. डॉ. प्रमोद कुमार (पीपल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक)
7. अर्जुन प्रसाद (निर्दलीय)

# सरबजीत की पोस्ट का स्क्रीन शाट और अमृतपाल का वीडियो वायरल

## बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के दोनों फरार आरोपितों पर 25-25 हजार रूपये का इनाम घोषित, तलाश में जुटी उत्तराखंड पुलिस की 15 टीमें

## गुरुमुखी भाषा में सरबजीत नाम की फेसबुक आइडी से एक और पोस्ट की शेयर लोकेशन में ढाका का गुरुद्वारा नानक शाही दिखाया

रुद्रपुर(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में नानकमत्ता गुरूद्वारा साहिब के कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्याकांड की जांच में जुटी पुलिस टीमों के समक्ष हमलावरों ने बड़ी चुनौती बन चुके है। इधर पुलिस ने दोनों आरोपितों की सूचना देने वालों के लिए 25-25 हजार का इनाम घोषित कर दिया है। शनिवार रात सरबजीत नाम की फेसबुक आइडी से एक और पोस्ट शेयर की गई। लोकेशन में ढाका का गुरुद्वारा नानक शाही दर्ज है। यह पोस्ट गुरुमुखी भाषा में है। सबसे पहले लिखा गया है, वाहे गुरु दा खालसा, वाहे गुरु दी फतह। उसके बाद लिखा गया है, गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए अकाल तख्त साहिब की ओर चल रहे हैं। अकाल तख्त साहिब से प्रार्थना कर रहे हैं। तरसेम जैसे और भी हैं जो गुरुघर में बैठे हैं और अपनी मौत की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस हमारे परिवार को परेशान न करे। सही समय आने पर हम खुद अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होंगे। यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। गूगल लोकेशन का स्क्रीन शाट भी पोस्ट में शेयर है। वहीं सोशल मीडिया पर खालिस्तानी अमृतपाल सिंह का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह बाबा तरसेम को सबक सिखाने की बात कहता दिख रहा है। हालांकि, वीडियो काफी पुराना बताया जा रहा है। इस वीडियो में अमृतपाल कह रहा है कि गुरुघर में सिखों की भावना को आहत किया गया। तरसेम की मौजूदगी में जो कुछ गुरुघर में हुआ, वह ठीक नहीं था। एक दिन पहले सरबजीत के हत्या की जिम्मेदारी लेने और अगले ही दिन ढाका से पोस्ट करने के बाद कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। हालांकि ताजा पोस्ट में कितनी सत्यता है, यह जांच के बाद पता चलेगा, लेकिन अगर यह सही है तो हत्यारोपितों ने एक और चुनौती पुलिस को दे दी है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी का कहना है कि पुलिस हत्यारोपितों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। जल्द गिरफ्तारी होगी। गौरतलब है कि उत्तराखंड के नानकमत्ता डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के हत्यारोपितों की तलाश में पुलिस उत्तर प्रदेश और पंजाब में दबिश दे रही है, मगर अब बदमाशों के बांग्लादेश की राजधानी ढाका पहुंचने की बात सामने आ रही है। सरबजीत नाम के जिस व्यक्ति ने बाबा को गोली मारने की जिम्मेदारी ली है, उसने शनिवार की रात एक और फेसबुक पोस्ट करते हुए अपनी लोकेशन शेयर की है। यह इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। अगर पोस्ट सही है तो आरोपित पुलिस के सभी प्रयासों को चकमा देकर देश की सरहद पार कर गए। किन राज्यों से होकर हत्यारोपित ढाका तक पहुंचे हैं, यह पुलिस की जांच व पोस्ट की सत्यता के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। क्योंकि पोस्ट की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 28 मार्च को बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद बाइक पर सवार होकर रायफल लहराते हुए दो शूटर फरार हो गए थे। 29 मार्च को पंजाब के तरनतारन निवासी सरबजीत सिंह ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए फेसबुक पोस्ट की थी। मामले गुरुद्वारे के सेवादार की तहरीर के आधार पर सरबजीत समेत पांच के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमे में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सेवानिवृत्त आइएएस हरबंश सिंह चुघ का नाम भी शामिल है। वारदात के बाद से पुलिस की 15 टीमें उत्तराखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश व पंजाब तक तलाश कर रही हैं।



# पीलीभीत के रास्ते बीसलपुर शाहजहांपुर की ओर भागे बाईक सवार शूटर !

नानकमत्ता। डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने वाले बदमाश बाइक से ही उत्तरप्रदेश के शाहजहांपुर-लखीमपुर के रास्ते नेपाल भागने की फिराक में हैं। इस बीच पुलिस को इनपुट मिले कि बाइक सवार शूटर पीलीभीत के रास्ते बिसलपुर शाहजहांपुर की ओर भाग रहे हैं। ऐसे में पुलिस की अलग-अलग टीम सीसीटीवी फुटेज की मदद से बाइक सवार शूटरों के पीछे-पीछे है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शूटरों की पहचान हो चुकी है। पुलिस टीम उनके पीछे लगी है, जल्द बदमाश गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। पुलिस की दो-तीन टीम उनका पीछा करते हुए पीलीभीत पहुंची। वहां मिले फुटेज के आधार पर पुलिस टीम शूटरों का पीछा कर रही है। आशंका है कि शूटर शाहजहांपुर लखीमपुर खीरी के रास्ते नेपाल की ओर भाग सकते हैं। ऐसे में पुलिस ने नेपाल से सटे बार्डर पर भी अलर्ट कर दिया है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि शूटर की पहचान हो चुकी है। उनकी गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। कुछ महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं, जल्द शूटर गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।गुरुवार तड़के नानकमत्ता में डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी में कैद बाइक सवार दो सिख हत्यारोपितों की तलाश में पुलिस की 15 टीम जुटी हैं। सराय से मिले शूटरों के आधार कार्ड से उनकी पहचान भी पुलिस कर चुकी है। बाद में पुलिस ने शूटर सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टा के साथ ही संदेह के आधार पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब के प्रधान और सेवानिवृत्त आइएएस हरबंस सिंह चुघ, तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह संधू और गुरुद्वारा श्री हरगोविंद सिंह रतनपुरा नवाबगंज के मुख्य जत्थेदार बाबा अनूप सिंह पर मुकदमा दर्ज किया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल शक्तिफार्म में वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गय। जिसमें विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समस्त मेधावियों को पुरस्कृत किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। कक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान के साथ-साथ प्रत्येक कक्षा में अधिकतम उपस्थिति प्रतिशतता वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रतीक



चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक नवीन चंद्र जोशी ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए, कोई भी परीक्षा अंतिम नहीं होती और निरंतर लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सदानंद विश्वाश, उप प्रधानाचार्य दीपक गुरुरानी,दिव्या सिंह,विभा भंडार, प्रेमा बिष्ट,पूजा बिष्ट,बबिता विश्वास,निशा मौर्य,रंजना शर्मा,शिखा मंडल,दीपा पोखरिया,मंजू बिश्वाश,सुनीता दास,प्रदीप कुमार,ब्रजेश कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# 25 पेटी देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाजपुर थाना अंतर्गत सुल्तानपुर पट्‌टी चौकी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एक तस्कर को 25 पेटी देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अवैध कच्ची शराब की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मुकेश कुमार पुत्र हरिशंकर निवासी टांडा बंजारा सुल्तानपुर पट्टी को 25 पेटी देशी मसालेदार शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी,कांस्टेबल विजय पाल ,हरेंद्र धामी , ललित कनियाल आदि शामिल थे।



# परीक्षा परिणाम में अग्रणी बच्चे पुरस्कृत

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर विकास क्षेत्र गदरपुर उधम सिंह नगर में विद्यालय प्रबंधन समिति



की उपस्थिति में विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय में प्रथम,द्वितीय,तृतीय रहे छात्र छात्राओं को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री विजय तरफदार सहित छात्र/छात्राओं के अभिभावक गण उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यालय अध्यापक श्रीमती नीरा देवी,श्रीमती शशि सचान,श्रीमती अमिता मेहरा, श्रीमती बबीता गुप्ता व प्रधानाध्यापक विजय शंकर की देखरेख में परीक्षा फल वितरण किया गया ।इस मौके पर प्रधानाध्यापक विजय शंकर द्वारा अवगत कराया गया कि नया शिक्षा सत्र 1 अप्रैल 2024 से प्रारंभ हो रहा है।जिसके अंतर्गत 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे बच्चे को कक्षा एक में प्रवेश दिया जाएगा।इस अवसर पर सम्मानित होने वाले बच्चों में कक्षा एक में प्रथम नैना,द्वितीय अभिमंडल ,तृतीय माही,कक्षा 2 में प्रथम प्रभात वाला,द्वितीय अंकुश शाना,तृतीय अभिजीत,कक्षा तीन में प्रथम मनीष,द्वितीय दिया मंडल,तृतीय उदय,कक्षा 4 में प्रथम अमित,द्वितीय जय मंडल, तृतीय वासुदेव,कक्षा 5 में प्रथम मिथुन सरकार,द्वितीय जय सरकार,तृतीय मनीषा मंडल रहे ।इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# केजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षाफल घोषित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। केजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी में चिराग शर्मा,रवनीत कौर ,कक्षा एल के जी में आरुषि पोखरियाल ,कक्षा यू के जी में गुरबाज सिंह , यशु अटवाल, कक्षा 1 में स्वालेहा फातिमा ,हर्ष अग्रवाल, कक्षा 2 में अनिका चंद, कक्षा 3



में अन्हा इमरान खान, गुरनूर कौर,कक्षा 4 में गुनगुन राणा, मनीष जोशी ,कक्षा 5 । में अमृतप्रीत कौर ,वैभव कश्यप,कक्षा 5 ठ रौनक बिष्ट ,शिवांग कश्यप, कक्षा 6 । दिव्या जोशी , प्रेरणा कौर, गुरनौर कौर, समरदीप सिंह , कक्षा 6ठ में करणदीप सिंह ,कक्षा 7 । में मोनू अटवाल, निशा कौर, कक्षा 8 में शगुनप्रीत कौर, दीपाली जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर विद्यालय के एचडी कैलाश जोशी, चंद्रा जोशी, प्रधानाचार्य महेश जोशी, उप प्रधानाचार्य पियूष गुप्ता,कॉर्डिनेटर हेमा उप्रेती,दिव्या जोशी,निशा राणा,चांदनी रस्तोगी,कला अटवाल,बसंती सम्मल, सोनी रस्तोगी,सीमा कौर,रश्मि भट्ट,भावना ऐरी,कमला जोशी,सोनिया कौर,निशा बहुगुणा,अमित राणा,सोनाली भट्ट,मनदीप कौर,किरणदीप कौर,नीलम फर्त्याल,निर्मल कौर मौजूद थे।

# भिक्षा नहीं, शिक्षा दें अभियान चलाया



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भिक्षावृत्ति रोकने व बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करने के लिए पुलिस ने जनजागरूता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के नेतृत्व में जनपद में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ऊधमसिहनगर ऑपरेशन मुक्ति टीम ने रेलवे स्टेशन रूद्रपुर और रामपुर बार्डर में विलासपुर चौकी में जाकर बार्डर में दो राज्यों की पुलिस ने मिलकर संयुक्त रूप से से चेकिंग अभियान चलाया। साथ ही भिक्षा नहीं शिक्षा दे आपरेशन मुक्ति अभियान के तहत बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम के बारे में तथा बार्डर पर एक राज्य से दूसरे राज्य में में होने वाली मानव तस्करी और अवैध रूप से होने वाले तस्करी को ध्यान में रखते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान शिक्षा देने के सम्बन्ध में आम जनमानस को जागरुक किया गया। टीम द्वारा बाल भिक्षावृत्ति रोकने हेतु नगर क्षेत्रान्तर्गत पम्प्लेट चस्पा किये गये तथा आम जनमानस को जागरुकता सम्बन्धी पम्प्लेट भी वितरित किये गये। साथ ही पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 / महिला हेल्पलाइन नंबर 1090/साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930आदि के बारे में जानकारी दी गई और आपके आस-पास कोई बच्चा भीख मांगते हुए या कहीं काम करते दिखाई दे तो पुलिस हेल्पलाइन नंबर 11 2 में सूचित करने को कहा गया । अभियान में प्रभारी निरीक्षक जीतो कम्बोज, कास्टेबल रमेश आर्या ,महिला कांस्टेबल ममता मेहरा ,कांस्टेबल रेखा टम्टा, महिला कांस्टेबल प्रियंका आर्य आदि शामिल थे।

# विजडम स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित विजडम पब्लिक सीनियर सेकण्ड्री स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह रौतेला तथा श्रीमती उषा मिश्रा ने वार्षिक परीक्षाफल की आख्या सभी अभिभावकों के सामने प्रस्तुत की, जिसमें विद्यालय का वर्ष 2024 का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने बाले छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को बधाई दी और छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय में टॉपर रामदास कक्षा 5-8,



99. 33प्रतिशत और यश कक्षा यूकेजी० 99.83 प्रतिशत ने प्राप्त किया। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देव मण्डल, श्रीमती साक्षी मिश्रा, श्रीमती निधि पाण्डे, आयुष दत्ता, महेन्द्र कुमार, श्रीमती रीना राय, अजय मिश्रा, विमल चौधरी, आकृति भौत, अंजलिरावत, खनीरु अधिकारी आदि अभिभावक उपस्थित थे।

# घर से हजारों की नगदी व अन्य सामान चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में चीरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस पूर्व में हुई घटनाओं का खुलासा करने में जुटी है तो वहीं अज्ञात चोर लगातार घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस की कार्यप्रणाली को चुनौती दे रहे हैं। गत रात्रि अज्ञात चोर मोहल्ला आजाद नगर में परिजनों की मौजूदगी में घर से हजारों की नगदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुरेश पाल पुत्र चुन्नी लाल निवासी आजाद नगर, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 30 मार्च की रात्रि वह व परिवार सहित रोज की भांति अपना कार्य समाप्त कर एवं भोजन पानी कर सो गए। मध्य रात्रि लगभग 3 बजे में वह टॉयलेट करने के लिये उठा तो देखा घर से मोबाइल फोन, नगद 1900 रुपए, रसोई सिलेण्डर, पेट, बेल्ट, चप्पल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है।

Walk in Interview
लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना टी0आई0 इम्पार्ट
Supported By -Uttarakhand State AIDS Control Society Uttarakhand

उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति देहरादून, उत्तराखण्ड, के सहयोग से इम्पार्ट द्वारा संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना टी0आई0 इम्पार्ट हेतु, काशीपुर मे Counselor, ANM, ORW व रुद्रपुर में M&E Cum Accountant पद पर कार्य करने हेतु अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। टी0आई0 के कार्य अनुभव वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।

| No. | Post | Post | Salary with T.A./Per Month | Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1 | M&E Cum Accountant | 01 | 16000 | Graduate in Commerce |
| 2 | Counselor | 01 | 16000 | Sociology / Psychology |
| | ANM | 01 | 12000 | ANM/GNM |
| | ORW | 01 | 10500 | Ineter |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना C.V. तथा अपने समस्त प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं एक फोटो लेकर दिनांक 01 अप्रैल 2024 को प्रातः 11.30 बजे संस्था के प्रधान कार्यालय इम्पार्ट, हल्द्वानी बाईपास रोड, किशनपुर, किच्छा, उधम सिंह नगर, में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें। फोन नं0 9837062273,9927196337
Email- usnagar.impart@gmail.com

# सभी प्रत्याशी जनसभाओं, रैली, नुक्कड़ सभाओं वाहनों, लाउडस्पीकर, रोड शो से पूर्व अनुमति लेगें

## निर्वाचन प्रक्रिया में सभी दस प्रत्याशियों को मिलेंगे समान अवसर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।निष्पक्ष व पारदर्शिता से निर्वाचन कराना हम सबका दायित्व है इसलिए मिल कर आपसी सहयोग से शांतिपूर्ण व निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराये। यह बात सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार, पुलिस प्रेक्षक शिव कुमार वर्मा, व्यय प्रेक्षक टी0 शंकर, रिटर्रिंग आफिसर उदयराज सिंह ने प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों की बैठक लेते हुये कही। प्रेक्षकों ने कहा कि आज से सभी 10 प्रत्याशी अधिकृत रूप से प्रत्याशी हो गये है इसलिए निर्वाचन आयोग की गाईडलाइन का पालन करते हुए प्रचार व कार्य करें। उन्होने कहा कि आदर्श आचार संहिता का अक्षसह पालन करना भी सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि सभी प्रत्याशी सभाओं, रैली, नुक्कड़ सभाओं, वाहनों, लाउडस्पीकर, रोड शो आदि के पूर्व अनुमति लेगें। उन्होने कहा एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी टीमे व सैक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट प्रत्याशियों के प्रचार पर पैनी नजर रखे हुये है इसलिए सभी प्रकार की अनुमतिया पूर्व में ले ले। उन्होने कहा कि सभी प्रत्याशी अपने-अपने पोलिंग व मतदान अभिकर्ता बनाकर सूची आरओ व एआरओ कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों से कहा कि किसी प्रकार की समस्या हो तो उनसे भी समय लेकर मिल सकते है। रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने कहा कि रैली, सभाओं आदि का परमिशन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों को समान अवसर देना आयोग का उद्देश्य है। उन्होने कहा कि रोड शो, रैली के दौरान सड़क के एक किनारे चले पूरी सड़क न घेरे ताकि एम्बुलेंस व अन्य यातायात वाधित हो। सुविधा एप पोर्टल संचालित है प्रत्याशी कोई भी अनुमति ऑनलाईन ले सकते है। प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, नोडल एमसीसी, व्यय, प्रशिक्षण द्वारा विस्तृत जानकारियां दी गयी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल एमसीसी पंकज उपाध्याय, व्यय डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल, प्रशिक्षण नरेश चन्द्र दुर्गापाल, प्रत्याशी अखिलेश कुमार, रमेश कुमार, जीवन चन्द्र उप्रेती, अखतर अली, सुरेन्द्र सिंह, हितेश पाठक, प्रतिनिधि संजय किरौला, चन्द्रकेश्वर राव आदि मौजूद थे।



# मोदी की रैली सफल बनाने को कार्यकर्ता हुए एकजुट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी 2 अप्रैल को रुद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयोजित होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा संभाग कार्यालय में बैठक संपन्न हुई।जिसमें सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम भव्य हो। मोदी जी के रूद्रपुर आने से नैनीताल ऊधम सिंह नगर के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उर्जा का संचार है। कार्यक्रम को सफल बनाने, जनता तक मोदी जी की बात पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता जुट गया हैं। लोकसभा चुनाव प्रभारी बलवंत सिंह भोर्याल ने कार्यकर्ताओं की नब्ज



टटोल संगठन के कार्यों का लेखा-जोखा लिया। उन्होंने कहा हमें गर्व होना चाहिए की विश्व के सबसे बड़े नेता का उद्बोधन हमें अपनी लोकसभा में सुनने को मिलेगा। जनता बहुत उत्साहित हैं और हमारे हर कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में और भव्य आयोजन में तन मन से जुट गया है। हमें भी मोदी जी और प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए और उनके कामों को समाज के पटल पर रखकर 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करना है।मंच संचालन जिला महामंत्री रंजन बर्गली ने किया। इस दौरान रामनगर विधायक दिवान सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, प्रदीप बिष्ट, भगवान तिवारी, कमल नयन जोशी, प्रदीप जनौटी, भुवन भट्ट, विनीत अग्रवाल, प्रताप सिंह बौरा, हरिमोहन अरोड़ा, लाखन निगल्टिया, विक्रम जंतवाल, किशोर जोशी, अल्का जीना, धीरज पाण्डे, दीपक सनवाल, राजेंद्र ढैला, मदन जोशी,आदि मौजूद रहे।

# निर्वाचन कार्मिकों का हुआ द्वितीय रेंडमाईजेशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निर्वाध व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व





रिटर्निगं आफिसर उदयराज सिंह की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट वीसी रूम में शनिवार को नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाईजेशन किया गया। द्वितीय रेंडमाईजेशन से मतदान कार्मिकों को उनकी विधानसभा आर्वटित हुई साथ ही विधानसभा वार मतदान पार्टी का गठन भी हो गया है। बताते चले कि नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र में सुचारू मतदान कराने हेतु 2329 मतदान केन्द्र हेतु कुल 2546 मतदान पार्टियों का गठन किया गया है। जिसमे 1595 मतदान पार्टियां जनपद उधमसिंह नगर व 951 मतदान पार्टियां नैनीताल में बनाई गयी है। जनपद उधमसिंह नगर में 1465 व नैनीताल में 864 मतदेय स्थल बनाये गये है। जिसमे उधमसिंह नगर में 5733 व नैनीताल में 3703 मतदान कार्मिक लगाये गये है। रेंडमाईजेशन में पुलिस प्रेक्षक शिव कुमार वर्मा, व्यय टी0 शंकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार, नैनीताल अशोक कुमार पाण्डे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नैनीताल फिंचा राम चौहान, नोडल एमसीसी पंकज उपाध्याय, व्यय डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल, आदि मौजूद थे। वीसी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल वंदना भी जुड़ी थी।

# कायस्थ महासभा ने समाज के लोगों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा होली मिलन और सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि रामपुर के भाजपा के विधायक आकाश सक्सेना, समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट, कांग्रेस के प्रत्याशी प्रकाश जोशी और मथुरा से आए महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद ने दीप प्रचलित का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कायस्थ समाज के लोगों को उनके अच्छे कार्यों के लिए मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें जल संस्थान के विशाल सक्सेना, रोटी बैंक के तरुण सक्सेना आदि शामिल थे।सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बाहर से आए विभिन्न कलाकारो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । जिला महासचिव पंकज सक्सेना ने बताया अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पिछले कई सालों से



विभिन्न प्रकार के आयोजन के द्वारा समाज में अच्छा काम कर रही है। विधायक आकाश अक्षर ने कहा कि आज जिस प्रकार से नैनीताल के अंदर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के लोग विभिन्न पदों पर सेवा देकर समाज का नाम रोशन कर रहे हैं गर्व महसूस कर रहा हूं। इस मौके पर अनूप दत्त, नीरज माथुर, मुकेश सक्सेना, पंकज सक्सेना, कल्पना सक्सेना, निशा सक्सेना, राम माथुर,राजेश श्रीवास्तव, रविंद्र सक्सेना, संध्या सक्सेना, मोनिका सक्सेना, डीके सक्सेना, अनिल माथुर, मुकेश सक्सेना आदि मौजूद थे।

# आसिफ और राजू असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर स्टेनो की लिखित परीक्षा में पास

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में सेना और पुलिस से रिटायर्ड अधिकारियों द्वारा संचालित मौर्य एकेडमी इस क्षेत्र में सर्वाधिक रिजल्ट देने वाली एकमात्र एकेडमी है यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एकेडमी डायरेक्टर आनंद कुमार ने बताया कि एकेडमी छात्र आसिफ फरीदी पुत्र महबूब फरीदी निवासी इस्लामनगर कॉलोनी गदरपुर,उधम सिंह नगर और राजू हाल्दार पुत्र विनय हाल्दार,निवासी मोहनपुर नंबर



दो,महतोश मोड,उधम सिंह नगर ने एसएसबी की असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर स्टेनो की लिखित परीक्षा पास कर मौर्य एकेडमी और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।आसिफ फरीदी और राजू हालदार की इस सफलता पर एकेडमी के छात्रों में खुशी का माहौल है इस खुशी के अवसर पर एकेडमी में मिष्ठान वितरण कर एकेडमी डायरेक्टर आनंद कुमार एवं समस्त स्टाफ और एकेडमी के सभी छात्र-छात्राओं ने आसिफ फरीदी और राजू हालदार को शुभकामनाएं देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।इस मौके पर एकेडमी का समस्त स्टाफ और एकेडमी के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# लिटिल किंगडम में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लिटिल किंगडम प्रिपेटरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, द्वितीय स्थान प्राप्त करने विद्यार्थियों को रजत पदक और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ताम्र पदक से सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में जैसे रचनात्मक, नृत्य, अनुशासन, सुंदर लेखन, समय प्रबंधन आदि के लिए भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रत्येक कक्षा में से एक विद्यार्थी जो विभिन्न क्षेत्रों में निपुण हो उसे शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य परविंदर पुरी, उप उप्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने बच्चों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अष्टम प्रहार महानाम संकीर्तन एवं भंडारा का समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री शनि देव महाराज जी की वार्षिक पूजा कार्यक्रम के तहत सिंह कालोनी गली नम्बर एक स्थित श्री श्री शनि देव महाराज जी के मंदिर तथा आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में स्थित श्री श्री शनि देव महाराज जी के मंदिर में आज प्रात: छह बजे विधि विधान के साथ अष्टम प्रहार महानाम संकीर्तन एवं भंडारा का समापन हुआ। महानाम संकीर्तन में धर्मनगर की हरि गोपाल संप्रदाय, दिनेशपुर की राधा कृष्ण संप्रदाय, शक्तिफार्म की दादा भाई संप्रदाय तथा अमृत नगर की श्री गोपाल संप्रदाय कीर्तन मंडलियों द्वारा क्रमवार ढोलक मंजीरों के साथ अखंड संकीर्तन किया गया। जिसे सुनकर उपस्थित भक्तजन भक्ति में पूरी तरह से मग्न हो गए। आज प्रात: सिंह कालोनी गली नम्बर एक में स्थित श्री शनि देव महाराज जी के मंदिर में स्थापित श्री तुलसी के पौधे स्थल में पंडित शशांक चक्रवर्ती द्वारा विगत दिवस प्राप्त श्री महानाम को पूजा अर्चना के साच अर्पित किया गया। साथ ही मंदिर में श्री शनि देव महाराज जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पारुल मंडल, चौताली मंडल, प्रीति मंडल, श्रुति मंडल, गोविंद राय, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, प्रियंका मंडल, खोखन मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, समल राय, सुबोध सरकार, सचिन पांडे, शंकर सरकार, देव दास सरकार, भुवन राय, सुरेन अधिकारी, दुलाल बैरागी, राकेश विश्वास, भागीरथ पाल, शंकर शील , कार्तिक ढाली, सुभाष मंडल, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पुर्णिमा मिस्त्री, सरो राय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, बुद्ध मल्लिक, दीपांकर साना, प्रहलाद विश्वास, प्रशांत विश्वास, तपन विश्वास,गीता सरकार, दीपाली डे, सुबल मंडल, पुलिन शिल, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गौतम घरामी, रमेन मण्डल, गुरु चांद, राहुल, गोविन्द सरकार, सरोज राय, सुशांत राय, जुड़न मंडल,अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, पूर्णिमा विश्वास, सीमा विश्वास, ठाकुर दासी, रीना सरकार, माया बैरागी, शिल्पी सरकार, राधा अधिकारी, लक्ष्मी मंडल, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुब्रत सरकार, विष्णु सरकार, दिपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, मनी मंडल, तपन विश्वास, श्यामली सरकार, कविता मंडल, अनिल मंडल, अमरीश राय, मक्खन पाल, प्रबल मंडल, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे। अंत में कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पारुल मंडल, चौताली मंडल, प्रीति मंडल, श्रुति मंडल, गोविंद राय, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, प्रियंका मंडल, खोखन मंडल आयोजकों द्वारा महानाम संकीर्तन तथा भंडारा के आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया गया।





# मोदी की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सौंपी गयी जिम्मेवारियां





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो अप्रैल को मोदी मैदान में प्रस्तावित जनसभा को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस बैठक में विधायकों, और भाजपा पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेवारियां सौंपी गयी है। हर विधानसभा से 50-50 बसें रैली में लाने का लक्ष्य रखा गया। साथ ही नगर ग्रामीण मण्डल अध्यक्षों सहित अन्य पदाधिकारियों की भी जिम्मेवारी तय की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम मिलना हमारे के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने अपनी चुनावी रैलियों का आगाज देवभूमि से करने का फैसला लिया है। सीएम धामी ने कहा कि हमें रैली की तैयारियों के लिए बहुत कम समय मिला है, ऐसे में हर कार्यकर्ता को इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए जुटना होगा। रैली के लिए महज दो दिन बचे हैं सभी कार्यकर्ता जहां तक संभव हो सके घर घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री की रैली में आने का न्यौता दें। ताकि अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री के ओजस्वी विचारों को सुन सके। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली के बाद उत्तराखण्ड में भाजपा के पक्ष में चल रही लहर आंधी का रूप लेगी और पांचों सीटों पर प्रचण्ड मतों से भाजपा प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। आगामी 4 जून को उत्तराखंड में चारों तरफ कमल खिलने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार अबकी बार 400 पार का नारा दिया है। यह केवल नारा नहीं, बल्कि उनका विश्वास है। बैठक में सभी विधायकों, जिला, नगर, ग्रामीण मण्डल के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए जिम्मेवारी सोंपी गयी। साथ ही रैली की व्यवस्थाओ को लेकर भी कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां दी गयी। बैठक में तय किया गया कि कार्यकर्ताओं को रैली में लाने के लिए प्रत्येक विधानसभा से 50-50 बसें लगाई जायेंगी। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक शिव अरोरा, गदरपुर के विधायक अरविंद पाण्डेय, काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, लाल कुआं विधायक दीवान सिंह जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, प्रदीप बिष्ट, तरूण बंसल, प्रीत ग्रोवर, सुरेश कोली, तरूण दत्ता, उपेन्द्र चौधरी, राजेश बजाज, प्रमोद मित्तल, गुरविंदर सिंह चंडोक, भारत भूषण चुघ, अनिल चौहान, सतीश गोयल, राकेश सिंह, विजय फुटेला, राजीव चौधरी, धर्म सिंह कोली, रश्मि रस्तौगी, फरजाना बेगम, विपिन जल्होत्रा, जग्गू सिंह, मनोज यादव, हरीश भट्ट, राजीवन राठौर, संजीव मण्डल, संतोष मण्डल, राधेश शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, निमित्त शर्मा, संजीव बाजवा, सुनील ठुकराल, धीरेश गुप्ता, ललित मिगलानी, मयंक कक्कड़, राम प्रकाश गुप्ता, श्रीकांत राठौर सहित काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा के पास आम आदमी के लिए कोई विजन नहीं: प्रकाश जोशी

किच्छा(उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के चुनाव कार्यालय का यहां बरेली रोड पर हवन और पूजा के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मोदी ने गोद लिए थे। उनका बुरा है। किसी भी गोद लिए गांव की कोई उन्नति नहीं हुई है। केवल नाम मात्र की वाहवाही लूटकर केंद्र की भाजपा सरकार आम जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा जाएगा। वह जनरल कर्नल की पोस्ट तक नहीं पहुंच पाएगा। यह भारत के नौजवानों के साथ एक बहुत बड़ा धोखा है।केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर स्थाई तौर पर युवाओं को रोजगार की कि एक बहुत बड़े भारत के बेरोजगार तबके को रोजगार दे सकती हैं। भाजपा सरकार नहीं चाहती है कि आम आदमी को रोजगार उपलब्ध कराया जाए कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनते ही रिक्तियां खोलकर बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा नुक्कड़ सभा के बाद कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने अपने चुनाव कार्यालय का विधिवत्त उदघाटन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष





नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर नुक्कड़ सभा भी की गई । इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि भाजपा के पास आम आदमी के लिए कोई विजन नहीं है। रोजगार पूर्ण रूप से समाप्त हो चुके हैं जो गांव पूर्व के सांसद एवं भाजपा कैबिनेट मंत्रियों ने तथा स्वयं भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र कि केंद्र की भाजपा सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने में पूर्ण रूप से सफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पांच गारंटी योजनाएं हैं जो धरातल पर लाई जाएगी। कहा कि भाजपा सरकार द्वारा भारतीय फौज में अग्नि वीरों की भर्ती करके देश के जवानों के साथ न्याय नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जो अग्नि वीर सेवा में भर्ती होगा वह सिपाही ही बनकर रह व्यवस्था की जाएगी। साथ ही स्थाई तौर पर पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा सरकार बनी है। तब से आज तक देश का व्यापारी शिक्षित युवा किसान मजदूर शाहिद तमाम लोग परेशानी झेल रहे हैं जो कि भारत की जनता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग एक करोड़ स्थाई वैकेंसी रिक्त पड़ी हुई है जो दर्शन कुमार कोली, वरिष्ठ कांग्रेसी संजीव सिंह, नितिन शर्मा, अशोक मित्रा ,कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी उर्फ बबलू भैया, गुलशन सिंधी ओमप्रकाश पप्पू, भूपेंद्र पपनेजा उर्फ बंटी भैया, सुनीता कश्यप, सुधा जोशी, सिमरनजीत कौर, जगरूप सिंह गोल्डी, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## 8.90 ग्राम स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उमेश कुमार मलिक, प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में दिनेश चंद्र जोशी, प्रभारी चौकी मंगलपड़ाव व कांस्टेबल भूपाल सिंह, हितेंद्र वर्मा द्वारा मंगलपड़ाव क्षेत्र में आंचल डायरी वाली गली



के पास चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता फिरासत उर्फ भय्यू पुत्र शराफत निवासी इंद्रानगर बड़ी मस्जिद के पास बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 8.90 ग्राम स्मैक बरामद हुई। के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भाजपा की बैठक में हर बूथ को जीतने का लिया संकल्प

खटीमा। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ की शक्ति केन्द्र की बूथ सत्यापन बैठक बूथ नम्बर 11 में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता रमेश चंद जोशी एवं बीजेपी महिला नेत्री नीता सक्सेना ने एससी बस्ती के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में मेरा बूथ सबसे मजबूत नारे के साथ अपने अपने बूथ को जीतने के लक्ष्य को पूरा



करने का संकल्प लिया गया। बैठक में नगर महामंत्री मनोज वाधवा, सांसद प्रतिनिधि दीपक तिवारी, शक्ति केंद्र नियोजन अनुपम शर्मा, एससी मोर्चा के अध्यक्ष नवल वाल्मीकी, बूथ अध्यक्ष आशू भारती, मोर्चा महामंत्री महेश कुमार, अमन कुमार, रजत कुमार, मनीष कुमार, निखिल, अर्जुन, जतिन, प्रियांशु, नरेश, समीर, बलजीत कौर आदिथे।

## जल क्रीड़ा गतिविधियों से मतदान के लिए किया जागरूक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी/नोडल स्वीप मनीष कुमार के निर्देशन में बौर जलाशय गुलर भोज में जल क्रीड़ा गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा क्याक व बोट रेस को हरि झंडी दिखाकर जल क्रीड़ा गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। बोट के माध्यम से वोट की श्रृंखला बनाई गई तथा सभी को मतदान के लिए जागरूक किया गया। क्षेत्र की समस्त बीएलओ के माध्यम से भी मतदान का संदेश दिया गया।नोडल स्वीप मनीष कुमार ने कहा के लोकसभा निर्वाचन की थीम "चुनाव का पर्व, देश का गर्व है।" आयोग द्वारा निर्वाचन को एक पर्व के रूप में मनाने के लिए निर्देशित किया गया है। जनपद के सभी मतदाता जो जहां कहीं भी निवास कर रहे हैं उन्हें मतदान हेतु स्वीप के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बौर जलाशय में स्वीप कार्यक्रम क्याक व बोट रेसिंग के माध्यम से मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होने कहा इस जलाशय में जनपद के साथ ही बाहर के पर्यटक भी आते हैं, इसलिए यहाँ आने वालो को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए यह स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।नोडल स्वीप ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह के नेतृत्व में जनपद में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान हो सके व लोक तंत्र को और मजबूती मिल सके।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गदरपुर गौरव पांडेय, जिला पर्यटन विकास अधिकारी श्रीमती लता बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, पारस, पिंकेश, आदि उपस्थित रहे।





## शिव पार्वती विवाह की कथा सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री अद्वैत स्वरुप अनंत आश्रम में नौवें श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के चौथे दिन भगवान शिव पार्वती के विवाह की सम्पूर्ण कथा का वर्णन किया गया। इस दौरान कुरुक्षेत्र से पधारे संत त्यागपुरी जी महाराज ने कहा कि भगवान भोले नाथ बैल पर चढ़कर बारात लेकर आते है साथ में भूत पषात, नर मंडो की माला पहनकर नाचते गाते है। भगवान शिव स्वयं भी पूरे शरीर पर भस्म लगाकर दूल्हा बनकर आते है। भगवान श्री भोलेनाथ का भयंकर रुप देखकर सखी व सहेलिया मॉ पार्वती को शिकायत करती है। तब माँ पार्वती अपनी सखी-सहेलियों को समझाती है कि पूरे संसार में शिव से सुन्दर कोई नहीं है। श्रीमद् भागवत कथा के सुन्दर प्रवचनों एवं भजनों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर संत ध्यानपुरी, संत व्यासपुरी द्वारा भी अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर अशोक बजाज, दर्शन ठुकराल, राजेश मिगलानी, सुशील बजाज, हंसराज ग्रोवर, वेदप्रकाश ठुकराल, दर्पण ठुकराल, रिया बजाज, राखी, ममता ठुकराल, सीमा ठुकराल, नेहा, सुनीता, रमाकान्त, नीलम रानी, संगीता दुआ, सोनिया गुम्बर, बीना गण्डा, मनी बजाज, रर्चिता गाबा, अजय ग्रोवर, ममता ग्रोवर, सन्नी गाबा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।





## कृषि विभाग से समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन को मिला ड्रोन

गदरपुर(उद संवाददाता)। समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति लिमिटेड गदरपुर शाखा को कृषि विभाग उत्तराखंड द्वारा फसलों पर उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव हेतु कृषि ड्रोन प्रदान किया गया । यह जानकारी देते हुए विकासखंड के कृषि प्रभारी अनिल अरोड़ा ने बताया कि यह यह ड्रोन संगठन को 75 प्रतिशत अनुदान योजना पर प्राप्त हुआ है । कृषि ड्रोन से न केवल श्रम की बचत होगी बल्कि ईंधन की भी बचत होगी । कृषि ड्रोन से पारंपरिक तरीकों की तुलना में बहुत कम समय और कम लागत में फसलों पर उर्वरक और कीटनाशकों का छिड़काव संभव हो जाता है यह ड्रोन समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन के आय संवर्धन के साथ संगठन से जुड़े किसानों के लिए भी आर्थिक रूप से लाभकारी होगा । इस दौरान संगठन की सीईओ सीमा रानी, अध्यक्ष त्रिलोक चंद, उपाध्यक्ष कुसुम रानी, सचिव रश्मि रावत, न्याय पंचायत कृषि प्रभारी गोपाल चंद्र चौहान, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक देवव्रत राय, जय गुरुदेव इंडस्ट्री के सेल्स एक्सक्यूटिव रामचंद्र सदस्य सवित कुमार एवं राहुल कुमार, संगठन के बोर्ड आफ डायरेक्टर विनोद कुमार गुंबर, अशोक कुमार, हरनाम चंद, सदस्य महेश कुमार, पूजा रानी, विनोद हुड़िया, आशुतोष यादव, गुरप्रीत सिंह, सुरजीत डाबर, रितिक कश्यप, नरेंद्र सिंह, दर्शन लाल ठकराल, अंशिका आदि मौजूद रहे ।



उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्


## यूट्यूब की गतिविधियां

जबसे मोबाइल फोन संवाद से अधिक मनोरंजन का बड़ा उपकरण बनता गया और यूट्यूब जैसे मंचों पर हर किसी को अपनी रचनात्मक गतिविधियां परोसने की सुविधा प्राप्त हुई है, तबसे दुनिया भर में लाखों-लाख लोग बिना कुछ सोचे-समझे केवल शोहरत बटोरने या कुछ कमाई करने के लोभ में अनावश्यक सामग्री परोसने लगे हैं।हालांकि यूट्यूब जैसे मंचों ने लोगों को बिना कोई शुल्क लिए गीत-संगीत, नृत्य-नाट्य आदि की प्रस्तुतियां परोसने की सुविधा उपलब्ध कराई है, तो इसका यह अर्थ नहीं कि सामग्री को लेकर उनका कोई नियम-कायदा नहीं है। मगर बहुत सारे लोग उन नियम-कायदों का ध्यान नहीं रखते और अक्सर अश्लील मानी जाने या दूसरों को आहत करने, जानबूझ कर किसी को अपमानित करने वाली सामग्री डालते रहते हैं। हालांकि नियम-कायदों के उल्लंघन पर यूट्यूब का तंत्र खुद ऐसी सामग्री की छंटाई कर देता है, फिर भी लोग बाज नहीं आते। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यूट्यूब ने दिसंबर के बाद के तीन महीनों में दुनिया भर में नब्बे लाख ऐसे वीडियो हटाए, जो उसके नियम-कायदों का उल्लंघन करते थे। उनमें सबसे अधिक भारत से परोसे गए वीडियो थे। ऐसे वीडियो की संख्या बाईस लाख से ऊपर थी। दरअसल, मोबाइल के रूप में लोगों को एक ऐसा उपकरण हाथ लग गया है, जिसके जरिए बहुत आसानी से वीडियो बनाए और संपादित कर प्रसारित किए जा सकते हैं। अनेक अध्ययनों से जाहिर हो चुका है कि भारत बड़ी आबादी वाला देश होने और तेजी से इंटरनेट उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के चलते मनोरंजन के नाम पर न केवल आपत्तिजनक और अविवेकपूर्ण सामग्री का उत्पादन बढ़ा है, बल्कि उनके उपभोक्ता भी बढ़ रहे हैं। मगर कोई भी स्वस्थ समाज और जिम्मेदार तंत्र न तो आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार की इजाजत दे सकता है और न उसके निर्माण को प्रोत्साहन। मगर असल जिम्मेदारी तो यूट्यूब जैसे मंचों का उपयोग करने वाले उपभोक्ता की बनती है कि वे सामग्री निर्माण में विवेक का उपयोग करना सीखें। जब तक इस जिम्मेदारी का बोध पैदा नहीं होता, यूट्यूब जैसे मंच संचालित करने वालों से सतर्कता की अपेक्षा बनी रहेगी।

# श्रीमद् भगवत गीता में मिलता है सभी समस्याओं का समाधानः आचार्य प्रशांत

### नॉलेज पार्क स्थित केसीसी कॉलेज में आयोजित सन्त सरिता सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से पहुंचे साधक

ग्रेटर नोएडा(उद ब्यूरो)। श्रीमद्भगवदगीता में श्री कृष्ण और अर्जुन के बीच एक ऐसा संवाद है, जिसमें सभी समस्याओं की कूंजी छिपी है। भगवान श्री कृष्ण द्वारा गीता में दिए उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं और मनुष्य को जीवन जीने की



सही राह दिखाते हैं। नॉलेज पार्क स्थित केसीसी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय सन्त सरिता सम्मेलन में प्रशांतअद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशान्त ने साधको द्वारा पूछे गए सवालों के काफी गहरे और स्पष्ट जबाब दिए। आचार्य प्रशान्त ने कहा कि जिसने भी अपने जीवन में गीता को उतार लिया उसके जीवन से भ्रम, डर, अंध विश्वास ,मान्यताएं स्वत: हट जायेंगी साथ ही वह अपने जीवन को सही लक्ष्य की ओर ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन तमाम तरह के बंधनों से जकड़ा हुआ है कोई उल्लास नही है ,चित्त शांत नही है बाहरी चकाचौंध से प्रभावित होकर कुछ भी करो उसका कोई लाभ नही होगा। उन्होंने कहा कि बाहर सौ दीपक भी जल रहे हो उससे कुछ नही होगा भीतर एक दिया पर्याप्त है।बाहर जो भी हो रहा है वह भीतर का प्रतिबिंब हो तो वह सही है ,लेकिन पहले भीतर रोशनी होनी चाहिए।बाहर का प्रकाश एक साधन की तरह होनी चाहिए जो भीतर की रोशनी जगाए,लेकिन दुर्भाग्य से जो चुनाव हम करते है वह गलत ही करते हैं आत्मज्ञान से ही सब सम्भव है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा था भिड़ जाओ युद्ध का अंजाम कुछ भी हो।हम यथार्थ जानने से डरतें हैं जब विवेकानंद की राह नही मिलती तो जिंदगी कचरे की ही होती है उसके लिए पथ प्रदर्शक चाहिए।अगर दुर्योधन के हाथ हस्तिनापुर चला जाता तो देश का इतिहास ही बदल जाता।इसी लिए कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया था। उन्होने कहा कि गीता ऐसा ग्रंथ है जो मानव को जीने का ढंग सिखाता है। गीता मनुष्य को निष्काम कर्म और प्रेम का पाठ पढ़ाती है। गीता में श्रीकृष्ण ने बताया है कि जीवन में समस्याएं किन वजहों से आती हैं और उनका हल क्या है।आचार्य प्रशान्त के अनुसार अहंकार और अज्ञान ही जीवन की मूलभूत समस्याएं हैं। और विद्या, सही ज्ञान, ही हमारी सभी समस्याओं का अंतिम समाधान है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण गीता में कहते हैं कि स्वार्थ से प्रेरित हुआ कर्म ही दुख को जन्मता है। और कर्म के केंद्र में निष्कामता होनी चाहिए ,शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो चरित्र का निर्माण करे। आचार्य प्रशांत ने कहा कि श्रीकृष्ण कहते हैं कि यह शरीर ही वह क्षेत्र है जहां युद्ध होता है। शरीर मे दो सेनाएं हैं एक पांडव अर्थात पुण्यमयी और एक कौरव अर्थात पापी। मनुष्य हमेशा इन दोनों के बीच में ही उलझा रहता है। आज के दौर में पीड़ा तो सभी के मन मे है। उस पीड़ा से मुक्ति भी सभी को चाहिए, लेकिन मन मे जो अज्ञान और धारणाएं बैठी है उन्हे हम छोड़ते नही है भीतर के झूठ व अहंकार को हम इतना पोषण दे देते हैं कि वही हमे सत्य लगता है । आचार्य प्रशान्त ने कहा कि हम झूठी कल्पनाओं, अंध विश्वास के आदि हो चुके हैं। हमारे धर्म ग्रँथ ही हमे सही जीवन जीने की प्रेरणा देते है। और हम उनकी तरफ जाने को तैयार नही होते । अगर हमारे पास कोई सही लक्ष्य नही है तो मन गलत धारणाओं को पकड़ ही लेगा और अंतत: दुख का निर्माण करेगा।

## तराई मर्चेंट चैंबर के राजेश चौथी बार बने अध्यक्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। तराई मर्चेंट चेंबर की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें राजेश घीक बल्लू चौथी बार अध्यक्ष चुने गये। जबकि गौरव सिंघल दूसरी बार महामंत्री और विकास गुम्बर दूसरी बार कोषाध्यक्ष चुने गये। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सभी ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए



बधाई दी। इस अवसर पर बलविंदर सिह विर्क, कस्तूरी लाल मिगलानी, सुभाष भुड्डी, श्याम सुंदर गर्ग, जयभगवान जैन, चंदन अग्रवाल, अजय बांगा, केवल ईशपुजानी, राजकुमार जैन, अशोक परूथी, अजय बंसल, विजय गोयल, राजेश गोयल, प्रवीन सिंघल, केवल कृष्ण, सोनू गुम्बर, विष्णु जिंदल, अखिलेश, शगुन भुड्डी, विकास जैन, कपिश, अजीत, सोनू, मुन्ना, चिंटू, संदीप राव, दीपक छाबड़ा आदि थे।

## अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालु रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गल्ला मंडी स्थित श्याम मंदिर से अयोध्या,बनारस व काशी के लिए श्रद्धालुओं की बस को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु श्याम बाबा के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि कई वर्षों से राम भक्तों को राम मंदिर बनने की आश थी जो पूरी हो चुकी है। राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है । अयोध्या धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्री राम के दर्शन




के लिए जा रहे हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से नए स्थान पर भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, ललित बिष्ट सुरेंद्र सिंह सरजू , राज कोली ,बंटी कोली ,प्रेम शंकर कोली ,दीपक, श्याम आदि लोग उपस्थित थे।

## फिल्म की शूटिंग के लिए बोमन ईरानी पहुंचे लैंसडौन

कोटद्वार। थ्री इडियट, मुन्ना भाई, दोस्ताना जैसी कई धमाकेदार फिल्मों से फैंस के दिल पर राज करने वाले बॉलीवुड अभिनेता बोमन ईरानी आज शुक्रवार को उत्तराखंड पहुंचे। वह अनुपम खेर की फिल्म तन्वी दि ग्रेट की शूटिंग के सिलसिले में लैंसडौन पहुंचे हैं। बोमन ईरानी शाम करीब सात बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह कार से लैंसडौन में जीएमवीएन के पर्यटक आवास गृह के लिए रवाना हुए। जीएमवीएन आवास गृह के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। बता दें कि अनुपन खेर बीते कई दिनों से लैंसडौन में अपनी नई फिल्म श्तन्वी दि ग्रेटश की शूटिंग कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार बोमन ईरानी इस फिल्म में म्यूजिक टीचर की भूमिका में हैं। शूटिंग के दौरान वह शनिवार से लैंसडौन में कुछ बच्चों को संगीत की शिक्षा देंगे। उधर, बोमन ईरानी के लैंसडौन पहुंचने की खबर से यहां उनके फैंस भी उन्हें देखने के लिए काफी उत्साहित हैं।

# ऐतिहासिक झंडा मेले में उमड़ा संगतों का सैलाब

### पंजाब के हरभजन सिंह ने चढ़ाया दर्शनी गिलाफ



देहरादून। श्रीझंडेजी के आरोहण के साथ आज से दून का ऐतिहासिक मेला शुरू हो गया है। सुबह से ही श्रीझंडेजी के आरोहण के लिए दरबार साहिब में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था। सुबह सात बजे से पूजा की प्रक्रिया शुरू हुई और झंडे जी पर गिलाफ चढ़ाए गए। इसके बाद शाम चार बजे झंडे जी का आरोहण किया गया। शनिवार को सुबह से शुरु हुई श्रीझंडेजी के आरोहण की प्रक्रिया आठ घंटे 25 मिनट में पूरी हुई। सुबह आठ बजे पूजा अर्चना के बाद श्रीझंडे जी के आरोहण की प्रक्रिया शुरू की गई। इस बीच श्रीझंडेजी श्रद्धालुओं के हाथों में ही रहे। इस बार पंजाब के होशियारपुर निवासी हरभजन सिंह पुत्र हरीसिंह को दर्शनी गिलाफ चढ़ाने का अवसर मिला है। मेले को लेकर देशभर से कई संगतें दून पहुंची हैं। श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति गुरु के बताए मार्ग पर चलता है, उसे पृथ्वी पर ही स्वर्ग की अनुभूति हो जाती है। इस दौरान संगतों ने श्रीगुरुराम राय महाराज के शबद का सिमरन किया। करीब एक सप्ताह पहले ही दून में संगतें पहुंचनी शुरू हो गई थीं। दून में श्रीगुरुराम राय के आठ से अधिक स्कूलों में इन संगतों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। ऐतिहासिक मेले के लिए पंजाब, हरियाणा, यूपी के साथ ही देश के कोने-कोने से संगतें पहुंची हैं। श्री झंडे जी के आरोहण को लेकर शनिवार को पूरे दिन द्रोणनगरी दून श्रीगुरुरामराय महाराज के जयकारों से गूंजती रही। इस दौरान 'खुशियां नाल मनाइये जन्मदिन सद्गुरु दा...', 'देखो देखो गुरां दा देखो झंडा चढ़या...' आदि गुरुभक्ति के गीत गूंजते रहे। श्रीझंडेजी मेले के दौरान श्रीदरबार साहिब परिसर में पांच एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर श्रीझंडेजी के आरोहण और इसकी प्रक्रिया का लाइव प्रसारण किया जा रहा है। शनिवार को राजधानी दिन श्रीगुरुराम राय महाराज की भक्ति में लीन रही। श्रीदरबार साहिब में सुबह करीब आठ बजे से ही झंडे जी को उतारने की प्रकिया शुरू कर दी गई। श्रद्धालुओं ने श्रीझंडेजी को उतारकर पूजा-अर्चना की और श्रीझंडेजी को दूध, घी, गंगाजल और दही से स्नान कराया। 90 फीट ऊंचे श्रीझंडेजी पर दोपहर में पहले सादा गिलाफ फिर 21 शनील के गिलाफ चढ़ाए गए। इस बार पंजाब के होशियारपुर निवासी हरभजन सिंह ने दर्शनी गिलाफ चढ़ाया। दर्शनी गिलाफ चढ़ाने के दौरान श्रद्धालु गिलाफ के स्पर्श के लिए उत्सुक रहे। गिलाफ चढ़ाने के बाद श्रीझंडेजी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। शाम 4:10 बजे श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज के संदेश के साथ श्रीझंडेजी के आरोहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इसके बाद 4:25 बजे मखमली वस्त्र और सुनहरे गोटों से सजे श्रीझंडेजी का आरोहण किया गया। आरोहण होते ही उत्साहित श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य किया। श्रीझंडेजी के आरोहण होने के बाद हर बार की तरह इस बार भी एक बाज ने श्रीझंडेजी की परिक्रमा की। बताया जाता है कि यह बाज हर साल आरोहण के बाद श्रीझंडेजी की परिक्रमा करता है। इस बाज की परिक्रमा को श्रीगुरुराम राय महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति के रूप में हर साल दर्ज किया जाता है। श्रीदरबार साहिब के सज्जादानशीन श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने कहा कि श्रीझंडेजी महोत्सव मेला प्रेम, सद्भावना और आपसी भाईचारे का संदेश देने वाला मेला है। श्रीझंडेजी पर शीश नवाने से सभी की मन्नतें पूरी होती हैं। काफी भीड़ के चलते कई श्रद्धालुओं ने श्रीदरबार साहिब में लगी पांच एलईडी स्क्रीनों पर लाइव प्रसारण देखा।

## शिक्षक दयाशंकर और राजाराम हुए सेवानिवृत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिचवा के दो शिक्षकों का सेवाकाल पूर्ण होने पर उन्हें विदाई दी गई । क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विचवा में कार्यरत शिक्षक राजाराम यादव एवं दया शंकर शर्मा को उनका सेवा काल पूर्ण होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विद्यासागर वर्मा एवं विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा उन्हें ससम्मान विदाई दी गई एवं उनके कार्यकाल में विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की गई, उन्होंने अपने सेवा काल में छात्रों एवं विद्यालय के विकास के लिए पूरे प्राणपण से कार्य किया। विभाग से भी उन्हें कई बार उत्कृष्ट विद्यालय सम्मान एवं उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्रदान किए गए तथा 2011 की जनगणना में राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया गया। उन्होंने विभाग में अधिकारियों , शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा प्रदान किए गए सहयोग एवं सम्मान पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दोनों शिक्षकों राजाराम यादव एवं दयाशंकर शर्मा को शाल ओढ़ाकर प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया इस विदाई समारोह के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक उमेश चंद्र ओली, वीरेश चौहान, ऋतम रस्तोगी, संतोष कुमार पंत, हरिशचंद्र पुरी राकेश यादव अरुण कुमार यादव, धर्मेंद्र यादव मेवाराम राजपूत करुणा शंकर शर्मा सौरभ पांडे विश्व विवेक शर्मा तथा कंप्यूटर कक्ष सहायक श्रीमती पूजा भट्ट भोजन माताएं एवं छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।



# भाजपा की डबल इंजन सरकार चूस रही गरीब जनता का खून : जोशी

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने बाबा तरसेम सिंह को दी श्रद्धांजलि

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में शीश झुका कर और गुरु गुरुनानक देव जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत डेरा कार सेवा पहुंचकर कारसेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह को श्रद्धांजलि दी। प्रकाश जोशी जी ने कहा कि बाबा तरसेम सिंह का सम्पूर्ण जीवन त्याग और समर्पण की गाथाओं से परिपूर्ण है। उनका असमय चले जाना सर्वसमाज के लिए अपूर्णीय क्षति है।विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि जब डेरा प्रमुख ही सुरक्षित नही तो आम जनता कैसे सुरक्षित होगी। भाजपा राज मे कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी है। खटीमा पहुँचने पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का जोरदार स्वागत किया। प्रकाश जोशी ने सर्वप्रथम शहीद पार्क पहुँच राज्य आंदोलन के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद खटीमा कांग्रेस कार्यकर्ताओं/ पदाधिकारियों संग संवाद और चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया।खटीमा विधायक उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि कांग्रेस बेरोजगार युवाओं और प्रताड़ित किसानों की लड़ाई लड़ने का काम कर रही है और प्रकाश जोशी मजबूती से इस लड़ाई को संसद में लड़ेंगे। इसके बाद नानकमत्ता में नानकमत्ता विधायक गोपाल राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं संग बैठक कर चुनाव पर चर्चा हुयी।विधायक गोपाल राणा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार हर जगह से आम जनता का खून चूसने पर उतारू है। नानकमत्ता मे भय और जंगलराज हावी है। इसके बाद सितारगंज में नवतेज सिंह पाल के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसियों ने महाराणा प्रताप चौक में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का जोरदार स्वागत किया।सितारगंज नगर पालिका के निर्वतमान अध्यक्ष हरीश दुबे एवं पूर्व राज्य मंत्री पूर्व पालिकाध्यक्ष अनवार अहमद ने दर्जनों समर्थकों संग कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर प्रकाश जोशी के नेतृत्व पर भरोसा करते हुवे आज कांग्रेस की सदस्यता ली। हरीश दुबे और अनवार अहमद ने कहा कि भाजपा चुने हुवे जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार से वंचित कर उनका उत्पीड़िन करने पर व्यस्त है और जनता त्रस्त है। नवतेज पाल ने कहा कि सितारगंज सिडकुल मे ठेकेदारी के नाम पर स्थानीय युवाओं की क्षमताओं का पूर्णरूप से शोषण हो रहा है। किसान अपने अस्तित्व के लिए खेत छोड़ कर सड़को पर उतरने को मजबूर है। इसके बाद किच्छा विधानसभा में चुनावी कार्यालय उद्घाटन संग कांग्रेस कार्यकर्ताओं संग सीधा संवाद कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी द्वारा किया गया।पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि निर्वतमान सांसद ने रक्षा राज्य मंत्री रहते हुवे अग्निवीर योजना के विरोध में एक शब्द नही बोला यह युवाओं के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाता है। जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि आज कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी से मिलकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व जोश का संचार हुवा है और इसका असर हमे चुनावो मे देखने को मिलेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप चीमा, एआईसीसी सदस्य राजपाल बिष्ट, रवीश भटनागर (नगर अध्यक्ष खटीमा), ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, पीसीसी सदस्य बॉबी राठौर, नानकमत्ता नगर अध्यक्ष सरताज सिंह निक्कू, युथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, यूथ कॉग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्या, महिला जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर, लीला चंद्रा, पीसीसी राजू सोनकर, सितारगंज नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, राम नगीना, बिपिन खोलिया, राम भरोसे, हरपाल सिंह पूर्व मंडी अध्यक्ष, गौरव बेहड़ (विधायक प्रतिनिधि), नगर अध्यक्ष बबलू चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, विनोद कोरंगा, दर्शन कोली, विक्रम कोरंगा, प्रवेश कुरैसी, गुलशन व नीरज तिवारी आदि ने कांग्रेस की मजबूती के संकल्प लेकर घर घर जाकर प्रचार करने का जिम्मा लिया।





## शराब के साथ महिला और दो फरार वारंटी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। ऑपरेशन क्रैकडाउन व ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध असलहा, मादक पदार्थों में संलिप्त लोगों की धर पकड़ हेतु चलाएं अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस ने एक महिला को पकड़कर उसके कब्जे से 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह लंबे समय से अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे दो वारंटियों को भी पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूर पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मंडी चौकी प्रभारी मनोहर चंद्र कांस्टेबल त्रिलोक सिंह व सुमित कुमार को लेकर क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध हालत में चहल कदमी कर रही ग्राम सरवरखेड़ा निवासी बलजिंदर कौर पत्नी तरसेम सिंह को शक के आधार पर दबोच लिया। तलाशी में पुलिस को उसके कब्जे से 54 पाउच लगभग 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। इसी तरह तेज तर्रार एस आई मनोहर चंद्र के नेतृत्व में पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश देते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी ग्राम मिस्सरवाला निवासी जावेद पुत्र साकिर हुसैन तथा ग्राम सरवर खेड़ा निवासी सुनील पुत्र रामस्वरूप को सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद उपरोक्त तीनों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। गिरफ्तार वारंटी एन आई एक्ट तथा अवैध कच्ची शराब के मामले में वांछित चल रहे थे।

## दो कच्ची शराब कारोबारियों का पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए कच्ची शराब के दो कारोबारियों को दबोचकर तलाशी में उनके कब्जे से 38 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद हमराहियों के साथ क्षेत्र में ग्रस्त पर थे इसी दौरान पुलिस ने कुंडेश्वरी जैतपुर रोड पर पेट्रोल पंप के पास संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए तिवारी पेट्रोल पंप के समीप कुंडेश्वरी निवासी रवि सिंह पुत्र सुंदर सिंह को पुलिस ने दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह कुंडेश्वरी पुलिस द्वारा रमपुरा में छापा मारा पुलिस को देखते ही कच्ची शराब का शातिर कारोबारी सतपाल सिंह उर्फ पम्मा पुत्र जरनैल सिंह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसके घर के सामने से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र में जरायम कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उधर कोतवाली पुलिस ने भोगपुर धाम जसपुर निवासी सत्य प्रकाश उर्फ काका पुत्र स्वर्ण सिंह को रमपुरा के सामने से तथा कचनाल गाजी गड्ढा कॉलोनी निवासी अमरीक सिंह उर्फ विक्की पुत्र बलबीर सिंह को एस आर एफ फैक्ट्री के पास से दबोचकर तलाशी में क्रमशः है दोनों के कब्जे से 12-12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पुलिस ने जरूरी जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार शराब तस्करों का धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को कोर्ट में पेश कर दिया।

## आरोपियों को सजा दिलाने में बेहतरीन कार्य पर थाना बनभूलपुरा सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश में आरोपियों को सजा दिलाने में बेहतरीन कार्य करने पर अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था द्वारा पर थाना बनभूलपुरा स्टॉफ को सम्मानित किया गया। आरोपियों को सजा दिलाने में राज्य के पुलिस थानों में थाना बनभूलपुरा ने 94 प्रतिशत दोष सिद्धि दर दिखाई। राज्य के पुलिस स्टेशन्स में दोषसिद्धि दर बढ़ाए जाने हेतु उनमें प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश के अनुपालन में पुलिस मुख्यालय द्वारा राज्य के सभी पुलिस थानों का वर्ष 2023 में दोषसिद्धि दर के प्रदर्शन का विवरण प्राप्त कर उनकी संवीक्षा की गई। संवीक्षा उपरांत जनपद के थाना बनभूलपुरा का वर्ष 2023 में दोषसिद्धि दर प्रदर्शन 94 प्रतिशत रहा। एपी अंशुमान अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवम् कानून व्यवस्था उत्तराखंड ने थाना बनभूलपुरा द्वारा उच्च दोषसिद्धि दर बनाए रखने हेतु की गई कड़ी मेहनत व परिश्रम की सराहना कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए थाना बनभूलपुरा के थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी एवं नियुक्त अधीनस्थ स्टॉफ की प्रशंसा की है। उनके द्वारा पुलिस टीम का उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिस पर प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी द्वारा भी थाने की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी गई और जिले के अन्य पुलिस थानों को भी इसका अनुसरण करते हुए निरंतर इस दिशा में कड़ी मेहनत और लगन से कार्य करने की अपेक्षा की।

## किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। फांसी के फंदे में झूलकर एक किशोरी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं विषपान से एक युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार दमुवाढूंगा निवासी 13 वर्षीय शगुन पुत्री रघुवंश सिंह ने बीती देर रात आत्महत्या कर ली। प्रातः जब रघुवंश सिंह मॉर्निंग वॉक पर जाने के लिए उठे तो शगुन का शव चुन्नी के सहारे पंखे से झूलता मिला। आनन-फानन में उसे फंदे से उतार कर बेस अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं दूसरी घटना में राजपुरा निवासी 20 वर्षीय आयुषी पुत्री अनिल कुमार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे हालत बिगड़ने पर अस्पताल भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

## चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। हेमपुर डिपो काशीपुर निवासी आकाश पुत्र राजवीर को कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गिरफ्तार कर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

## जंगल में खोए व्यक्ति को किया रेस्क्यू

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिला पुलिस की डायल 112 एक व्यक्ति के लिए मददगार साबित हुई। घने जंगल के बीच खोए व्यक्ति को पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर ढूंढ निकाला। व्यक्ति ने पुलिस द्वारा मदद करने पर आभार जताया है। दरअसल पुलिस को डायल 112 पर एक व्यक्ति के कैंची धाम के ऊपर घने जंगल में गुम होने की सूचना मिली थी। जंगल में गुम हुआ व्यक्ति श्रावस्ती जिले का रहने वाला रक्षादास पुत्र देववेन था। गुमशुदा व्यक्ति को तलाश करने के लिए कैंची चौकी पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। काफी खोजबीन करने के बाद उसे जंगल में चट्टान के पास से रेस्क्यू कर लिया गया।

## पेज एक का शेष...

**देह व्यापार का ...**से 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया जिसमें नेपाली मूल की तीन महिलाएं भी शामिल हैं। स्पा सेंटर को तहसीलदार सचिन कुमार की मौजूदगी में सील कर दिया गया। बताया जा रहा है कि फाजिल नामक युवक गोल्ड स्पा में देह व्यापार का धंधा संचालित कर रहा था। आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में फैज पुत्र गौहर निवासी गौजाजाली, सुरेन्द्र कुमार पुत्र प्रताप राम निवासी ग्राम हरकोट थाना कपकोट जिला बागेश्वर हाल कर्मचारी पिज्जा किंग गदरपुर, योगेश पुत्र स्व. रमेश सिंह निवासी खानपुर थाना गदरपुर सहित तीन महिलाएं शामिल हैं जो वर्तमान में रम्पुरा रूद्रपुर में किराये का मकान लेकर रह रही थी। तीनों मूल रूप से नेपाल के धनगड़ी की रहने वाली है। पुलिस टीम में एएचटीयू प्रभारी एसआई मंजू ज्याला, भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी देवेंद्र राणा, हे. कां. संजीत राणा, महिला हे.कां. गीता कोठारी, कां. घनश्याम रौतेला, महेन्द्र सिह भोज शामिल रहे।

**चुनाव से पहले बाबा..** ने भी हरसंम्भव संगत से संयम बरतने की अपील की। स्वयं एसएसपी डा0 मंजुनाथ टीसी व थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव कारसेवा के दूरदराज से आएं सेवादारों से लगातार संवाद कर रहें थे। पुलिस को भलीभांति पता था कि बाबा की हत्या से जनआक्रोश भड़क सकता है। इसीलिए पुलिस ने भारी मात्रा में पुलिस व फोर्स बुला रखी थी। शाम तक सीएम के आने की सूचना ने भी संगत के आक्रोश को थामने में में एक बड़ी भूमिका निभाई। हत्यारों की पहचान ने भी संगत के आक्रोश को थामने का काम किया। इसके साथ व्यापारियों ने भी संयम के साथ बिना कोई विरोध के शांतिपूर्व बाजार बंद कर पुलिस प्रशासन को सहयोग दिया। अब पुलिस इस बिन्दु पर भी अपनी जांच कर रही है कि कही लोकसभा चुनाव में बाबा की हत्या से सनसनी फैलाकर कोई बड़ा धार्मिक दंगा कराना हत्यारों का मकसद तो नही था। जिससे चुनाव भी प्रभावित हो सकता था। क्योंकि किसान आंदोलन के बाद तराई का सबसे बड़ा आदोंलन बन सकता था।

**दीक्षात परेड के बाद..**नायक भूपेन्द्र सिंह धौनी, शिविर पाल अजय कुमार आर्य, राकेश माहरा, प्रतिसार निरीक्षक खुशाल सिंह रावत, भूपेश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक कुमांऊं क्षेत्र हरीश वर्मा, सेबेदार सैन्य सहायक 46 बलवंत सिंह, 31 वाहिनी के खुर्शीद अली, एसआई शंकर लाल, सुभाष जोशी, मनमोहन सिंह, प्लाटून कमांडर मंगल सिंह, निरीक्षक महिपाल सिंह, आरटीसी मेजर श्याम सुंदर, वाहिनी मेजर रमेश चन्द्र शर्मा, सहित समस्त आईटीआई, पीटीआई, प्रशिक्षण स्टॉफ व रिक्रूट आरक्षियों के परिजन मौजूद रहे।

**युवक ने लगाई...**मुताबिक शांति नगर रमपुरा निवासी 25 वर्षीय सुरेंद्र सिंह पुत्र मान सिंह ने देर रात अज्ञात कारणों के चलते घर की मुमटी में चुन्नी से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक घटना रात्रि 11 से 12 के बीच घटित बताई जा रही है। आज सुबह उठने पर परिजनों को इसका पता चला। मृतक चार भाई व दो बहन है। वह अविवाहित था। घटना को लेकर परिजन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतक के शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

**टाटा सूमो ...**फलसारी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 35 वर्षीय विकास पांडे निवासी मटियाली, 19 वर्षीय साक्षी निवासी पाली, 60 वर्षीय कलापति निवासी उत्तरकाशी, 52 वर्षीय विरेंद्र निवासी फलसारी, 11 वर्षीय सृष्टि पुत्री अनिल, 22 वर्षीय पूजा पुत्री खुशीराम निवासी पाली, 8 वर्षीय अंश पुत्र अनिल और 19 वर्षीय गौतम पुत्र सुभाष निवासी उत्तरकाशी घायल हो गये। घायलों को पीएचसी गजा में प्राथमिक उपचार दिया गया है। जहां से पांच गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है।

## किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगाया

काशीपुर(उद संवाददाता)। किशोरी को मोहल्ले का ही एक युवक बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए गायक किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया है। घटना के बारे में तहरीर देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को मोहल्ला शिवनगर चीमा चौराहे के समीप रहने वाला युवक महिला फुसलाकर कहीं भाग ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 363 आईपीसी के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वसुंधरा ग्रीन फुलसुंगी निवासी अजय मसीह पुत्र महेश मसीह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06एएक्स5334 घर के बाहर खड़ी थी। अज्ञात चोर उसे चोरी कर ले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कॉर्बेट पार्क का भ्रमण कर दिल्ली लौटे सचिन तेंदुलकर








## सचिन ने अपनी पत्नी अंजलि तेंदुलकर के साथ अपने पारिवारिक मित्रों के साथ कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन जोन ढिकाला में जंगल सफारी व नाईट स्टे किया

रामनगर (उद संवाददाता)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और भारत रत्न से सम्मानित सचिन तेंदुलकर गुरुवार की शाम 4 बजे विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट पार्क के रामनगर ग्राम ढिकुली में स्थित ताज रिसोर्ट में पहुंचे थे,जहां से सचिन अपनी पत्नी अंजलि तेंदुलकर के साथ ही अपने 7 से 8 पारिवारिक मित्रों के साथ 29 मार्च की सुबह पौने छह बजे कॉर्बेट पार्क के अधिकारियों के साथ कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन जोन ढिकाला में जंगल सफारी व नाईट स्टे के लिए गए थे,जहां सचिन और उनके पारिवारिक मित्रों को बंगाल टाइगर के साथ ही अन्य वन्यजीवों के भी दीदार हुए। सचिन ढिकाला के वीआईपी विश्राम गृह खिनानौली में ठहरे,उन्होंने विभागीय खुली जिप्सी में ढिकाला क्षेत्र का भ्रमण किया। सचिन ने कॉर्बेट पार्क के प्रबंधन के बारे में जाना व पार्क के फील्ड स्टाफ व कर्मचारियों से भी बात की,उनके द्वारा किए जा रहे वन्य जीव सुरक्षा व चुनौती आदि को लेकर भी जाना। वन कर्मचारियों ने भी उनके साथ फोटो खिंचवाई।देर शाम सचिन और उनका परिवार वापस गर्जिया में स्थित ताज रिसोर्ट में आ गए। रविवार की सुबह सचिन कड़ी सुरक्षा के बीच दिल्ली के लिए रवाना हो गए। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉ धीरज पांडे ने बताया कि 29 को सचिन तेंदुलकर अपने परिवार के साथ कॉर्बेट पार्क के ढिकाला पर्यटन जोन में नाईट स्टे व सफारी के लिए गए थे,उन्होंने बताया कि इस दौरान सचिन को बाघ,हाथी एवं अन्य वन्यजीवों के दीदार हुए। उन्होंने कहाँ कि सचिन ने कॉर्बेट पार्क प्रबंधन, वन्य जीव सुरक्षा प्रबंधन, पर्यटन गतिविधि आदि की जानकारी भी ली,डायरेक्टर ने बताया कि सचिन ने बहुत सारी बातें अपने जीवन की कॉर्बेट पार्क के अधिकारियों व वन कर्मचारियों के साथ भी सांझा की। जिसके बाद देर शाम वो पार्क से बाहर आ गए,जहां वे कल ताज रिसोर्ट में ही रुके। सचिन तेंदुलकर जिस रिजॉर्ट में ठहरे थे। वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। बताया जाता है कि रिजॉर्ट के कर्मचारियों को भी उनसे मिलने की अनुमति नहीं थी। कोई फोटो, वीडियो के लिए बिल्कुल मनाही थी। रविवार को दिल्ली रवाना होने से पूर्व सचिन ने रिसोर्ट में कोतवाल अरुण कुमार सैनी के साथ ही पुलिस कर्मचारियों के साथ भी फोटो खिंचवाई तथा पुलिस कर्मचारियों से भी बातचीत की जिसको लेकर पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी भी सचिन को अपने बीच पाकर काफी खुश दिखाई दिए।

# फ्री हेल्थ कैम्प में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में स्थित न्यू वुडलैण्ड एकेडमी में आज नगर के एक निजी हास्पीटल द्वारा नि:शुल्क परातर्श कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों फिजिशियन डा. इन्द्रपाल



सिंह व डा.यवेन्द्र कुमार से अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। विद्यालय प्रबंधक दिलीप अधिकारी के प्रयासों से क्षेत्रवासियों के हित में आयोजित शिविर में खांसी, बुखार, पेट दर्द, सर दर्द, बदन दर्द, इन्फेक्शन, डेंगू, मलेरिया, काला पीलिया, शूगर, निमोनिया,अस्थमा, ब्लड प्रेशर आदि रोगों की जांच की गई। शिविर में अरिवल कुमार, पिंकी, जेवा, रिहान व शुभम दास आदि ने सहयोग किया।

# मोदी की रैली स्थल पर किया हवन पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी दो अप्रैल को किच्छा बाईपास स्थित मोदी मैदान में आयोजित होने वाली विशाल रैली कार्यक्रम से पूर्व आज भाजपा द्वारा आयोजन स्थल के शुद्धि करण के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे मंत्रियों, विधायकों सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों था कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग कर पंडित दुर्गा शरण वाजपेई के साथ हवन कुंड में आहुतियां अर्पित की। इस मौके पर काबिना मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक शिव अरोरा, संगठन महामंत्री अजय,



जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, खिलेंद्र चौधरी, प्रदीप बिष्ट, तरूण बंसल,विवेक सक्सेना, राजेश नेनवाल, दिनेश आर्य, अमित नारंग, सुरेश परिहार, उत्तम दत्ता, रामपाल सिंह, भारत भूषण चुघ, ललित मिगलानी, चंदन भट्ट, फरजाना बेगम, चंद्रकला राय, रश्मि रस्तोगी, बिट्टू चौहान, किरन विर्क, धीरेंद्र मिश्रा, मोहन तिवारी, शिवम यादव, राहुल तोमर, प्रकाश दस्त,रोहित मजूमदार, मिंटू बाजवा, गोपाल पटेल, सुरेश विश्वास, रोहित भट्ट, जितेंद्र संधू, नवीन पांडे, रचित सिंह, दिलजोत बाजवा, विनय बत्रा, अक्षय अरोरा, ओमपाल कोली आदि मौजूद रहे।

# मोदी की रैली में खटीमा से पहुंचेंगे दस हजार कार्यकर्ता

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने 2 अप्रैल को रूद्रपुर में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर पार्टी कार्यालय में तैयारियों की समीक्षा की। नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में तय किया गया कि पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा से जुड़े लोगों को आगामी दो अप्रैल को प्रस्तावित नरेंद्र मोदी की रैली में उनको सुनने पहुंचेंगे। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर रैली को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे। रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला, जिला पंचायत सदस्य किशन सिंह, पूर्व मंडी



अध्यक्ष नंदन खड़ायत, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र भंडारी, जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश राणा, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख दिगंबर कन्याल, विधानसभा प्रभारी संतोष अग्रवाल कार्यालय प्रभारी भुवान भट्ट, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गणेश ठकुराठी, अमित पांडेय, भवानी भण्डारी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नवीन भट्ट आदि कार्यकर्ताओं को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में खटीमा विधानसभा क्षेत्र से 10,000 कार्यकर्ताओं को रैली में पहुंचने का लक्ष्य रखा गया।बैठक मुख्य रूप से विधनसभा विस्तारक आलोक तिवारी, प्रकाश पांडे, सफाई कर्मचारी नेता संतोष गौरव, राहुल सक्सेना, मंजू नेगी, रशीद मिर्जा, रजनी जोशी, प्रेम खोलिया, विवेक गुप्ता, टिकेंद्र मेहता, दिलीप जोशी, विनीत राणा, निर्मला खोलिया, दीपा भाटिया, ललिता सिंह चौहान, सचिन रस्तोगी ,बिरला सामंत, प्रमोद कडाकोटी, इंदिरा भाटिया, लक्ष्मी धामी ,भागीरथी खोलिया, नीलू गुप्ता, नीति सक्सेना, अनुपमा शर्मा, धना भंडारी, मनोज चौहान, शारदा राणा,रेनू भंडारी, नवीन बोरा, संदीप भारती, आशू भारती, सुरेश राणा, सुरेश जीना, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे बैठक में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाश आर्या का माला पहनकर पार्टी में स्वागत किया गया,।

# लाखों की स्मैक के साथ महिला सहित तीन तस्कर किए गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नशे का कारोबार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है बढ़ते नशे के कारोबार ने युवाओं की जिंदगी में जहर घोल दिया है नशे की लत युवाओं को अपराध की और बढ़ रहा है नगर के सभी थाना प्रभारी यो ने चेकिंग अभियान चलाते हुए एक महिला सहित तीन लोगों को लाखों रुपए की स्मैक सहित गिरफ्तार किया है जिन्हें कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। काठगोदाम थाना प्रभारी विमल कुमार मिश्रा ने अपने दलबल के साथ गोलापुर खेड़ा चौराहे पर अभियान चलाया जहां पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को 12.1 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है तस्कर ने अपना नाम अमित कुमार पुत्र अजय कुमार निवासी सुल्तान नगरी गोलापुर बताया। वही बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने केंद्रीय अभियान चलाते हुए गफूर बस्ती वार्ड नंबर 24 निवासी नईम पुत्र मेहंदी हसन को चोर गलियां रोड रेलवे फाटक के पास से 12.40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उधर मुखानी थाना प्रभारी संजय जोशी अपनी टीम के साथ कुसुम खेड़ा चौराहे पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान पुलिस ने अंजू आर्य पत्नी संजय आर्य निवासी मुखानी को 11.45 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों कैफ्लॉक एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। नितिन लोहनी ने बताया कि पकड़े गए तस्करों से 35.86 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि कुछ अन्य तत्वों के नाम भी उजागर किए हैं पुलिस उनको भी जल्द गिरफ्तार करेगी। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि पकड़ी गई स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 लाख रुपए की आंकी गई है।

# बीडीसी, ग्राम प्रधान समेत कई लोग भाजपा में शामिल

सितारगंज (उद संवाददाता)। कुंवरपुर के ग्राम प्रधान, नकटपुरा क्षेत्र पंचायत सदस्य, बरी के पूर्व ग्राम प्रधान और शहर के



समाजसेवियों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा में सम्मिलित होने वाले समस्त जनप्रतिनिधियों समर्थकों का कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, राज्य हज समिति चौयरमैन खतीब अहमद, ग्राम प्रधान रहीसुद्दीन अंसारी ने भव्य स्वागत किया है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। रविवार को कैबिनेट मंत्री आवास पर पहुंचे कुंवरपुर के ग्राम प्रधान रेशम सिंह, नकटपुरा क्षेत्र पंचायत सदस्य परमजीत सिंह फौजी, बरी के पूर्व प्रधान जरनैल सिंह, नगर के समाजसेवी जिम संचालक इस्तेखार हुसैन आदि ने समर्थकों के साथ भाजपा ज्वाइन की। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद, ग्राम प्रधान रहीसुद्दीन अंसारी, सुखवंत सिंह भुल्लर ने भाजपा में शामिल हुए जनप्रतिनिधियों और समर्थकों का भव्य स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि लगातार भाजपा का जनाधार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की महाशक्ति बनने को अग्रसर है। इस मौके पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सलूजा, जरनैल सिंह, नितिन अरोरा आदि मौजूद थे।

# पूर्व चेयरमैन अनवार और हरीश दुबे कांग्रेस में शामिल

सितारगंज(उद संवाददाता)।दो पूर्व चेयरमैन अनवार अहमद और हरीश दुबे ने समर्थकों संग कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी, जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने उनका जोरदार स्वागत किया। इससे पूर्व कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। शनिवार को खटीमा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में पहुंचे पूर्व पालिकाध्यक्ष अनवार अहमद, हरीश दुबे, सरफराज अहमद राजू और उनके समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी



में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी राम नगीना प्रसाद आदि ने पार्टी की विचारधाराओं से आमजन को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ही सभी वर्गों का हित सुरक्षित है। इस मौके पर खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक संजीव आर्य, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, वरिष्ठ कांग्रेसी नवतेज पाल सिंह, हरपाल सिंह, सरताज अहमद, करन जंग, हरप्रीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, अख्तियार अहमद पटौदी, नारायण बिष्ट, आजम मलिक, सिराजुद्दीन, गुरनाम सिंह करनावल, सरदार हसन, दयानंद सिंह, विपिन खोलिया, सिराजुद्दीन, मुख्तार अंसारी, जाकिर अंसारी मौजूद रहे।